# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

पत्रांक 2472 / m-1 / 45 दिनांक 20|8|26

सेवा में,

जिला सूचनाधिकारी,
(निरीक्षा शाखा)
मऊ।

विषय : **दैनिक भास्कर मीडिया न्यूज में दिनांक 19.08.2026 को "मऊ में जल जीवन मिशन की पाईप फटीः रोज बह रहा हजारो लीटर पानीः 473.79 लाख की योजना पर उठे सवाल सड़के भी बदहाल, शीर्षक के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **दैनिक भास्कर मीडिया न्यूज में दिनांक 19.08.2026 को "मऊ में जल जीवन मिशन की पाईप फटीः रोज बह रहा हजारो लीटर पानीः 473.79 लाख की योजना पर उठे सवाल सड़के भी बदहाल, शीर्षक** से प्रकाशित न्यूज का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। विकास खण्ड बड़रांव के ग्राम पंचायत उसरी खुर्द पेयजल परियोजना का कार्य मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा फेज-2 के अन्तर्गत कार्य कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा ने अपने पत्र LC/JJM/LKO/MAU/2026-27/233 Date: - 20-08-2026 द्वारा अवगत कराया है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड बड़रांव के ग्राम पंचायत उसरी खुर्द में योजना के सभी कार्यो को पूर्ण कर लिया गया है एवं नियमित रूप से पानी की सप्लाई चल रही है। ग्राम में कुछ स्थान पर पाइप लाईन की समस्या है, जो ग्रामवासियों द्वारा उत्पन्न की गई है। जैसे घरो में बोरिंग कराने से पाईप लाईन में लीकेज की समस्या है एवं बड़ी गाड़ियां जैसे ट्रक व ट्रैक्टर का आवागमन होने से पूर्व मे मरम्मत की गई सड़क के धसने एवं क्षतिगस्त की समस्या हो गई है। वर्तमान में ग्राम पंचायत उसरी खुर्द में लीकेज मरम्मत एवं शेष बची हुई सड़क के मरम्मत का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा।

अनुरोध है कि कृपया प्रकरण निक्षेपित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक :** **फर्म का पत्र।**
**पेपर कटिंग।**

भवदीय
(हस्ताक्षर)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः-

1- प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
2- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
3- मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4- जिलाधिकारी महोदय, मऊ को सादर अवलोकनार्थ।
5- मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मऊ को सादर सूचनार्थ।
6- मुख्य अभियन्ता (वारा.क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
7- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

(LEAD PARTNER OF LCINFRA_TCEL

Letter No-LC/JJM/LKO/MAU/2026-27/223 Date-20.08.2026

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मऊ।

**विषयः-** जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य के संदर्भ में दैनिक भास्कर सोशल मिडिया में दिनांक 19.08.2026 को छापी गयी न्यूज़ के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में अगवत कराना है कि ग्राम पंचायत उसरी खुर्द में योजना के सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है एवं नियमित रूप से पानी की सप्लाई चल रही है। ग्राम में कुछ स्थान पर पाइपलाइन लीकेज की समस्या है जो ग्रामवासियों द्वारा उत्पन्न की गई है, जैसे घरों में बोरिंग कराने से पाइपलाइन में लीकेज की समस्या उत्पन्न हुई है एवं बडीं गाडिया जैसे ट्रक व ट्रैक्टर का आवागमन होने से पूर्व में मरम्मत की गई सड़क के धसने एवं क्षतिग्रस्त होने की समस्या भी उत्पन्न हुई है।


वर्तमान में ग्राम पंचायत उसरी खुर्द में लीकेज रिपयेरिंग एवं शेष बची हुई सड़क के मरम्मत का कार्य प्रगति पर है जिसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा ।

मेसर्स एल.सी. इन्फ्रा
मऊ


प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ सादर प्रेषित है-

1. अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

CamScanner
Scanned with OKEN Scanner



Snapshot-1




Snapshot-2



Snapshot-3




Snapshot-4



Snapshot-5



Snapshot-6




Snapshot-7



Snapshot-8

CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner



Snapshot-9



Snapshot-10



Snapshot-11



Snapshot-12

CS CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

राज्य-शहर
भास्कर इन्वेस्टिगेशन
क्रिकेट
भास्कर खास
DB ओरिजिनल
स्पोर्ट्स
बॉलीवुड
जॉब - एजुकेशन
बिजनेस
लाइफस्टाइल
जीवन मंत्र
फेक न्यूज़ एक्सपोज़
ओपिनियन
मधुरिमा
मैगजीन
यूटिलिटी
लाइफ - साइंस
मधुरिमा
मैगजीन
यूटिलिटी
लाइफ - साइंस
मध्य प्रदेश
उत्तरप्रदेश
राजस्थान
बिहार
यूपी खास
Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

# मऊ में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन फटी: रोज बह रहा हजारों लीटर पानी: 473.79 लाख की योजना पर उठे सवाल; सड़कें भी बदहाल

संदीप कुमार राय | बड़रॉव, मऊ   1 दिन पहले



मऊ के बड़राव ब्लॉक के उसरी खुर्द गांव में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन जगह-जगह रिसाव से रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि गांव करीब छह स्थानों पर पाइपलाइन फट चुकी है।

473.79 लाख रुपये की लागत से बने ओवरहेड टैंक और पाइपलाइन की गुणवत्ता को लेकर भ ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि निर्माण के दौरान अधिकारियों ने काम की गुणवत्ता की पर्याप्त निगरानी नहीं की।

### छह जगह फटी पाइपलाइन, पानी की बर्बादी

ग्रामीणों के अनुसार, गांव में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन करीब छह स्थानों पर क्षतिग्रस्त पाइप फटने से लगातार पानी बह रहा है। इससे एक ओर हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है, व दूसरी ओर योजना के तहत घरों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### 473.79 लाख की योजना की गुणवत्ता पर सवाल

उसरी खुर्द में जल जीवन मिशन के तहत 473.79 लाख रुपये की लागत से ओवरहेड टैंक और पाइपलाइन का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना पर बड़ी रकम खर्च हो के बावजूद पाइपलाइन जल्दी क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता व जांच कराने की मांग की है।

### पाइप बिछाने के लिए खोदी सड़कें भी बदहाल

पाइपलाइन बिछाने के दौरान गांव की कई सड़कों को खोदा गया था। ग्रामीणों का कहना है कि काम पूरा होने के बाद भी कई स्थानों पर गड्ढों की ठीक से भराई नहीं की गई। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है और बारिश के दौरान स्थिति और खराब हो जाती है।

### कागजों में मरम्मत, जमीन पर गड्ढे का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क मरम्मत का काम कागजों में पूरा दिखाया गया है, जबकि मौके पर कई जगह सड़कें बदहाल हैं। उनका कहना है कि यदि पाइपलाइन और सड़क निर्माण के का की नियमित निगरानी होती तो ऐसी स्थिति नहीं बनती।

### ग्रामीणों ने जांच और मरम्मत की मांग उठाई

उपेंद्र राय, राम दुलारे शाही, चंदन शाही, प्रदुमन यादव, मनोज गोंड और मुकेश कुमार समेत अन ग्रामीणों ने योजना की स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने पाइपलाइन की गुणवत्ता की जांच कराने, रिसाव को तत्काल बंद करने और खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की।

### जल निगम बोला- संबंधित संस्था करेगी रिसाव की मरम्मत

मामले में जल निगम मऊ के अधिशासी अभियंता रामेश्वर दयाल ने बताया कि पाइपलाइन में हो रहे रिसाव की मरम्मत का काम संबंधित कार्यदायी संस्था को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन के रिसाव को जल्द ठीक कराया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner